विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित

**प्रश्न संख्या-07 का उत्तर**

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| **7**(क) | क्या कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री बतायेंगे कि कृषि विज्ञान केन्द्र, जौनपुर में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य लम्बित है? | जी हाँ, |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त निर्माण कार्य में विलम्ब के क्या कारण है? | कृषि विज्ञान केन्द्र, जौनपुर में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित है।<br>प्रशासनिक भवन की स्वीकृत लागत रू0 174.71 लाख के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2019-20 में रू0 25.00 लाख, वर्ष 2020-21 में रू0 55.00 लाख, वर्ष 2021-22 में रू0 64.54 लाख एवं वर्ष 2022-23 में अब तक रू0 20.75 लाख अर्थात् कुल रू0 165.29 लाख की धनराशि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा स्वीकृत की गयी है, जिसे कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0 को प्रदान कर दिया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से समय-समय पर प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्य किया गया है। |
| (ग) | उक्त प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करायेंगे? | प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य माह अक्टूबर 2022 तक होना लक्षित है। |

सूर्य प्रताप शाही
मंत्री,
कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।